अप्रूवल नहीं मिलने से फार्मेसी कॉलेजों में प्रवेश प्रक्रिया अटकी

बीटेक समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज से काउंसलिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

देहरादून। फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) की ओर से अप्रूवल नहीं मिलने से उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध फार्मेसी कॉलेजों की प्रवेश प्रक्रिया अटक गई है। जिसके चलते बीटेक समेत विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आज से शुरू हो रही ऑनलाइन काउंसलिंग के तहत फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश नहीं होंगे। पीसीआई से अप्रूवल जारी होने के बाद विवि को फार्मेसी के लिए अलग से काउंसलिंग करानी होगी।

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालयों के कैंपस संस्थानों एवं संबद्ध सरकारी एवं निजी संस्थानों के पाठ्यक्रमों में 12 जून से प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए प्रथम चरण की काउंसिलिंग शुरू होगी। काउंसलिंग के अंतर्गत बीटेक, बीएचएमसीटी, बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी, बीसीए, एलएलबी, एमटेक, एमबीए, एमसीए, एमएचएम, एलएलएम, पीजी डिप्लोमा इन सिक्योरिटी में तीन चरणों में प्रवेश होंगे। लेकिन पीसीआई से मान्यता जारी होने के चलते यूटीयू से संबद्ध करीब 24 फार्मेसी कॉलेजों की काउंसलिंग प्रक्रिया अटक गई है। हालांकि, पीसीआई की ओर से अप्रूवल जारी करने में हो रही देरी को लेकर अभी कारण स्पष्ट नहीं है।

माना जा रहा है कि कुछ कानूनी पेचीदगियों के चलते इस बार देरी हुई है। पिछले सत्र में आठ मई को अप्रूवल जारी हो गई थी। इसके चलते जहां फार्मेसी संस्थान प्रबंधन में बेचैनी है। वहीं प्रवेश के लिए छात्रों को भी प्रक्रिया शुरू होने का इंतजार है। वहीं जानकारों की मानें तो अप्रूवल को लेकर संशय जरूर बना हुआ है, लेकिन अगले सप्ताह तक पीसीआई अप्रूवल जारी कर सकता है। पीसीआई की अप्रूवल जारी होने के बाद ही यूटीयू काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू करेगा।

> विश्वविद्यालय की ओर से 12 जून से प्रथम चरण की काउंसलिंग शुरू होगी। लेकिन पीसीआई की ओर से अभी फार्मेसी कॉलेजों को अप्रूवल प्राप्त नहीं हुई है। अप्रूवल मिलने के बाद अलग से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
> **- प्रो. ओंकार सिंह, कुलपति उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय**

24
कॉलेजों की काउंसलिंग प्रक्रिया अटकी

प्रथम चरण की काउंसलिंग

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन : 12 से 14 जून
विकल्प भरने की तिथि : 12 से 15 जून तक
सीट आवंटन तिथि : 20 जून
निर्णय का विकल्प : 20 से 21 जून तक
आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग : 21-25 जून

दूसरे चरण की काउंसलिंग

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन : 26 से 27 जून
विकल्प भरने की तिथि : 26 से 28 जून
सीट आवंटन तिथि : 3 जुलाई
निर्णय का विकल्प : 3 से 4 जुलाई तक
आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग : 4-8 जुलाई

तीसरे चरण की काउंसलिंग

ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन : 9 से 10 जुलाई तक
विकल्प भरने की तिथि : 09 से 11 जुलाई
सीट आवंटन तिथि : 16 जुलाई
निर्णय का विकल्प : 16 से 17 जुलाई तक
आवंटित संस्थान में रिपोर्टिंग : 17-21 जुलाई